प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। टीम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित करीब एक दर्जन अधिकारी होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालयें को इसकी सूचना दे दी गई है। टीम यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद, आप समेत कई पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चतरा के ईटखोरी से भाजपा की तीसरी परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। रक्षा मंत्री आज ही गढ़वा जिले के वंशीधर नगर से पलामू प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

****

झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अक्टूबर के पहले सप्ताह में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। श्री चौहान ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घोषणापत्र इस महीने के आखिरी में जारी किया जायेगा।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रचार और घोषणा पत्र कमेटी की घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को प्रचार कमेटी और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को घोषणा पत्र समिति का चेयरमैन बनाया गया है। प्रचार कमेटी में चेयरमैन समेत 37 और घोषणा पत्र कमेटी में 25 लोगों को शामिल किया गया है। संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने इस बात की सूचना दी।

****

कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा आज से शुरू हो गई है। इसमें 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए आज और कल सुबह आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल वाईफाई बंद की गई है। इस बीच हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिले में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित की जा रही है।

****

केन्द्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआई ने नीट यूजी–2024 पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिसिपल समेत छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआइ की ओर से दायर किया जाने वाला यह दूसरा आरोप पत्र है। इससे पहले इस मामले में 13 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। वहीं, सीबीआई इस मामले में अब तक कुल 48 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

****

पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश कल देर शाम वापस ले लिया है। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता के बाद झारखंड सीमा पर रोक हटाई गई।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद अब 9वीं–11वीं के विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 16 अक्टूबर तक ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराए जा सकते हैं।

****

16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रांची के होटवार स्थित खेलगांव परिसर में 23 से 25 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन जैप वन मैदान में 23 सितंबर को खेलमंत्री मिथलेश ठाकुर करेंगे। प्रतियोगिता में कुल सात क्षेत्रीय टीमें भाग लेंगी। आईआरबी, एसआईआरबी और जैप के अलावा अन्य क्षेत्र की टीमों से 476 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें हॉकी, कुश्ती, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स समेत अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।

******समाप्त*******